p>

Title: Issue regarding recurring floods in Bihar.

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल): माननीय अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले मैं आपके प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूं कि आपने मुझे आज बोलने का मौका दिया। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान बिहार में आए प्रलयकारी बाढ़ की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं।

महोदय, मैं सुपौल संसदीय क्षेत्र से आया हूं। यह कोसी प्रभावित क्षेत्र है। नेपाल इस क्षेत्र से सटा देश है, जहां पहाड़ों पर वर्षा होने से कोसी एवं अन्य नदियों में बाढ़ आ जाती है। इस समय बिहार के सुपौल जिले के साथ-साथ अन्य बारह जिलों में भी प्रलयकारी बाढ़ आ गई है। इससे वहां का जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बाढ़ पीड़ितों का हाल बेहाल है। इससे जन-धन की काफी क्षति हो गयी है। कई जगहों पर सड़कों और पुलों के टूट जाने से आवागमन ठप है।

मैं माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के प्रति आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने हवाई सर्वेक्षण करके राहत का काम प्रारंभ कर दिया है। इस प्रलंयकारी बाढ़ में केन्द्र की मदद बहुत ही जरूरी है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूं कि इस दुख की घड़ी में बिहार में बाढ़ का आंकलन करके अधिक से अधिक सहायता राशि प्रदान करने की कृपा की जाए।